

# नव मंगलूर पत्तन न्यास

पोत परिवहन मंत्रालय, भारत सरकार

## अध्यक्ष महोदय का संदेश

हिंदी दिवस के अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं !!

हिंदी को संविधान में राजभाषा का स्थान प्राप्त है। इसलिए केंद्रीय सरकार का संगठन होने के नाते यह हमारा संवैधानिक कर्तव्य है कि हम इसका सम्मान करते हुए सरकारी कार्य हिंदी में करें। जैसा विदित है कि भारत की संविधान सभा ने 14 सितंबर, 1949 को हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में अंगीकार किया था और इसी के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को **'हिंदी दिवस'** का आयोजन किया जाता है। हिंदी माह / सप्ताह / पखवाड़ा के दौरान विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं, कार्यशालाओं इत्यादि का आयोजन करके कार्यालय में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ाने के लिए एक उत्साहवर्धक वातावरण सृजित करना है।

दिनांक 10 अक्टूबर, 2019 को पोत परिवहन मंत्रालय, भारत सरकार के अधिकारियों द्वारा पत्तन का राजभाषायी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण की समीक्षा रिपोर्ट में प्रशंसा की गई कि भौतिक निरीक्षण में यह उल्लेखनीय बात सामने आई कि कार्यालय प्रमुख अपने सरकारी कामकाज में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करते हैं। इससे कार्यालय के अन्य सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिंदी में कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। कार्यालय में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए उनका यह कार्य सराहनीय है।

कोविड-19 महामारी की प्रतिक्रिया में, पत्तन ने सबसे पहले यह सुनिश्चित किया है कि जोखिम को कम करने के लिए व्यापक सुरक्षा प्रतिक्रियाओं का पालन हो। देशव्यापी लॉकडाउन के होते हुए भी, पत्तन ने यह सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास किया है कि राष्ट्र के लिए अत्यावश्यक वस्तुओं की आपूर्ति जारी रहे। इसके अलावा, पत्तन ने सबसे अधिक आर्थिक रूप से प्रभावितों की आवश्यकताओं को विभिन्न सीएसआर गतिविधियों जैसे- पीएम केयर्स फंड में रु. 4.31 करोड़ का योगदान, तटीय परिवारों के लिए 7000 राशन किटों के वितरण इत्यादि के माध्यम से पूरा किया। इसके अतिरिक्त, एनएमपीटी ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर सभी कर्मचारियों और आउटसोर्स कार्मिकों का रैपिड एन्टीजन टेस्ट (आरएटी) कराया।

वर्ष 2019-20 में 39.15 मिलियन टन थ्रूपुट देखा गया है। पिछले वर्ष की तुलना में कंटेनर यातायात में 18.65% की वृद्धि दर्ज की गई। एलपीजी के 2.55 एमएमटी की रिकार्ड मात्रा की हैंडलिंग से पत्तन न केवल पूरे कर्नाटक की एलपीजी जरूरतों को पूरा कर रहा है, बल्कि केरल के उत्तरी भाग, गोवा, तमिलनाडु और तेलंगाना के कुछ हिस्सों को भी सेवा दे रहा है। हम, 365 दिनों में चौबीसों घंटे आवश्यक सामान का संचलन करके राज्य और राष्ट्र की सेवा में प्रतिबद्ध हैं।

इसके अलावा, वर्ष के दौरान नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), मंगलूर के तत्वावधान में नराकास कार्यालय के सदस्यों द्वारा आयोजित हिंदी प्रतियोगिताओं में पत्तन से 18 अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं में पत्तन के अधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा 04 पुरस्कारों सहित प्रथम पुरस्कार, द्वितीय पुरस्कार और 02 तृतीय पुरस्कार जीते गए।

अत: मैं, नव मंगलूर पत्तन न्यास के सभी कार्मिकों से अपील करता हूँ कि भारत सरकार द्वारा जारी राजभाषा वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप संवैधानिक दायित्व समझकर और तकनीकी सहायता लेकर हिंदी में कार्य करें।

आइए ! हम सब मिलकर इस अवसर पर यह संकल्प लें कि सरकारी काम-काज निष्ठापूर्वक हिंदी में करेंगे।

**जय हिंद !**

पणंबूर, मंगलूर
14 सितंबर, 2020

(वेंकट रमणा अक्कराजु)
अध्यक्ष

# हिंदी के प्रयोग के लिए वर्ष 2020-21 का वार्षिक कार्यक्रम

## Annual Programme for 2020-21 for the use of Hindi

| क्र.सं. Sl. No | कार्य विवरण Details of work | क्षेत्र Region "क" क्षेत्र 'A' Region | "ख" क्षेत्र 'B' Region | "ग" क्षेत्र 'C' Region |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हिंदी में मूल पत्राचार (ई-मेल सहित) | From A to A 100%<br>From A to B 100%<br>From A to C 65%<br>From region A to offices/ individuals in States/ UTs of A&B regions 100% | From B to A 90%<br>From B to B 90%<br>From B to C 55%<br>From region B to offices/ individuals in States/ UTs of A&B regions 100% | From C to A 55%<br>From C to B 55%<br>From C to C 55%<br>From region C to offices/ individuals in States/UTs of A&B region 55% |
| 2 | हिंदी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिंदी में दिया जाना | 100% | 100% | 100% |
| 3 | हिंदी में टिप्पण Noting in Hindi | 75% | 50% | 30% |
| 4 | हिंदी माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम | 70% | 60% | 30% |
| 5 | हिंदी टंकण करनेवाले कर्मचारी एवं आशुलिपिक की भर्ती | 80% | 70% | 40% |
| 6 | हिंदी में डिक्टेशन/की बोर्ड पर सीधे टंकण (स्वंय तथा सहायक द्वारा) | 65% | 55% | 30% |
| 7 | हिंदी प्रशिक्षण (भाषा, टंकण/ आशुलिपि) | 100% | 100% | 100% |
| 8 | द्विभाषी प्रशिक्षण सामग्री तैयार करना | 100% | 100% | 100% |
| 9 | जर्नल और मानक संदर्भ पुस्तकों को छोड़कर पुस्तकालय के कुल अनुदान में से डिजिटल वस्तुओं अर्थात हिंदी ई-पुस्तक, सीडी/डीवीडी, पैनड्राइव तथा अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषाओं से हिंदी में अनुवाद पर व्यय की गई राशि सहित हिंदी पुस्तकों की खरीद पर किया गया व्यय। | 50% | 50% | 50% |
| 10 | कंप्यूटर सहित सभी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरणों की द्विभाषी रूप में खरीद | 100% | 100% | 100% |
| 11 | वेबसाइट द्विभाषी हो | 100% | 100% | 100% |
| 12 | नागरिक चार्टर तथा जन सूचना बोर्डों आदि का प्रदर्शन द्विभाषी हो | 100% | 100% | 100% |
| 13 | (i) मंत्रालयों/विभागों और कार्यालयों तथा राजभाषा विभागों के अधिकारियों (उ.स./निदे./सं.स.) द्वारा अपने मुख्यालय से बाहर स्थित कार्यालयों का निरीक्षण (कार्यालयों का %) | 25% (minimum) | 25% (minimum) | 25% (minimum) |
| | (ii) मुख्यालय में स्थित अनुभागों का निरीक्षण | 25% (minimum) | 25% (minimum) | 25% (minimum) |
| 14 | राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें | वर्ष में 04 बैठकें (प्रत्येक तिमाही में एक बैठक) / 04 meetings in a year (one meeting in every quarter) | | |
| 15 | कोड, मैनुअल, फार्म, प्रक्रिया और साहित्य का हिंदी अनुवाद | 100% | | |